Bareilly, Saturday,
12 September 2026
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO. 6: MIDDLE

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT

एसआरएमएस रिद्धिमा में शाम जन्माष्टमी के अवसर पर 'कथा कान्हा की' कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें कथक गुरुओं और विद्यार्थियों ने नृत्य के माध्यम से श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, प्रेम, भक्ति और प्रेरक प्रसंगों को जीवंत किया. कार्यक्रम में माखन चोरी, कालिया दमन, गिरि गोवर्धन और रासलीला का मनमोहक कथक मंचन हुआ. कथक गुरु अंशु कुमार शर्मा, देव ज्योति नमस्कार और रिया चटर्जी ने विद्यार्थियों के साथ प्रस्तुतियां दी.